## शेढ़ नदी में मिला युवती का शव



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शेढ़ नदी में एक युवती का शव मिला है। शुरुआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है स्टेशनगंज थाना प्रभारी रत्नाकर हिग्वे के अनुसार, मृतका कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि वह परिवार में खुद को उपेक्षित महसूस करती थी।

उसे लगता था कि उसकी मां भाई-बहनों से ज्यादा प्यार करती हैं। परिवार में उसकी बातों को महत्व नहीं दिया जाता था। खर्च के लिए पैसे भी नहीं मिलते थे। युवती ने आत्महत्या से पहले अपने पिता को मैसेज भेजा था, जिसमें लिखा कि उसके शव के पास सिर्फ पिता ही आएं। टीआई के मुताबिक युवती सुबह घर से लाइब्रेरी जाने का बोलकर निकली थी, लेकिन सुबह 10 बजे तक घर नहीं लौटी। इसके बाद उसकी तलाश की गई। इस दौरान पता चला कि उसने एक मेसेज भेजा है, जिसमें परिवार से नाराजगी जताते हुए सिर्फ पिता को शव के पास आने की बात लिखी थी। खोज के दौरान युवती की स्कूटी शेढ़ नदी के पुल पर मिली। एएसपी संदीप भूरिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

युवती के पिता सेना में कार्यरत हैं। वे अधिकतर समय घर से बाहर रहते हैं। मृतका को अपने पिता से विशेष लगाव था। इसलिए उसने अंतिम संदेश में केवल उन्हें ही बुलाने की बात कही। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## दस ग्राम स्मैक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस की विभिन्न टीमों के द्वारा दिनांक 25 एवं 26 जून को दो आरोपीगण से पृथक-पृथक अवैध मादक पदार्थ 10 ग्राम स्मैक एवं स्मैक पीते 04 अन्य स्मैकचियों को गिरफ्त में लिया गया। दिनांक 25 जून 25 को शाम करीबन 5 बजे को पुलिस टीम द्वारा नई सब्जी मंडी टीन रोड गाडरवारा से संदेह के आधार पर आरोपी रविशंकर पता लक्ष्मण सिलावट उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कुशीवाड़ा थाना गोटेगाँव जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 6.26 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 60 हजार रूपये जप्त किया गया।




आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया जाकर उसके के विरूद्ध थाना गाडरवारा में अपराध क्रमांक 773/25 धारा 8,21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशियल रिमांड पर प्रस्तुत किया गया।

दिनांक 25-26 जून 25 की दरम्यानी रात बीज निगम के पास गाडरवारा में अन्य पुलिस टीम द्वारा संदेह के आधार पर आरोपी चिंटू उर्फ प्रकाश पिता कैलाश चौकसे उम्र 31 वर्ष निवासी चाँदनी चौक साईखेड़ा थाना के कब्जे से 3.97 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 40 हजार रूपये है,समक्ष गवाहान जप्त किया गया। आरोपी को मौके पर ही विधिवत गिरफ्तार किया जाकर उसके के विरूद्ध थाना गाडरवारा में अपराध क्रमांक 779/25 धारा 8,21(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इसी प्रकार दिनांक 25 जून 25 की शाम थाना गाडरवारा की अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थानों से अवैध मादक पदार्थ का स्मैक का सेवन करने वाले 04 स्मैकचियों को पकड़ा गया । चारो आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/27 एनडीपीएस के तहत पृथक पृथक प्रकरण पंजीबद्ध किये गए हैँ।

जिनके नाम हेमंत पिता हीरालाल कुशवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी शांति नगर साईखेड़ा, सारांश पिता राम शर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी धुनी मोहल्ला साईखेड़ा, नितिन पिता सीताराम ठाकुर उम्र 19 वर्ष निवासी सिलवानी रोड पानी टंकी के पास उदयपुरा, छोटू पिता मदन लाल केवट उम्र 21 वर्ष निवासी खिरका मोहल्ला साईखेड़ा है।

## नरसिंहपुर में भी एक स्मैकिया बंदी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** थाना स्टेशनगंज अंतर्गत आरोपी शेख इरफान उर्फ मोहम्मद इरफान पिता शेख नसीर, उम्र 40 साल, निवासी मुशरानवन, महाजनी वार्ड, नरसिंहपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से लगभग 1 लाख 57 हजार मूल्य की 10.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ समैक जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 532/2025 धारा 8 (ए) (सी)/ 21 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है। थाना प्रभारी स्टेशनगंज, निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, उनि विजय द्विवेदी, प्र.आरक्षक आशीष मिश्रा, आरक्षक लक्ष्मी नगपूरे, आरक्षक गोविंद सिंह, आरक्षक चालक प्रशांत सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

### सार-समाचार

## महिला महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत पखवाड़े का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के अंतर्गत शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। शपथ कार्यक्रम के साथ-साथ छात्र में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा प्रमाण पत्र भी जनरेट किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ धीरज झा द्वारा नशा मुक्ति संबंधी विचार व्यक्त किए गए साथ ही एक लघु फिल्म दिखाकर छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ मीनाक्षी सौभरि द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सहित लगभग 25 छात्राएं उपस्थिति रही।

## महिला महाविद्यालय में पौधरोपण




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर की प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में 26 जून को 'एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0' के अंतर्गत महाविद्यालय में नीम, आम, जामुन, पीपल आदि के पौधे लगाए एवं मां के प्रति सम्मान स्वरूप कम से कम एक पौधा अव'य लगाने की अपील की गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ. नंदना शिल्पकार द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान डॉ मीनाक्षी सौभरि, सुश्री अंशुल खरे, श्रीमती बिंदुवाला जैन, कु. चंद्रप्रभा नेमा, कु निकिता कोष्टी, कु रुचि जैन, श्रीमती गोदावरी बर्मन, श्रीमती ज्योति साहू, शंकर लाल कुर्मी, पतिराम गोड़ एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

## छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार कक्षा 9 वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों, जिन्हें केन्द्र प्रवृत्ति प्री.मै./ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति- वार्षिक पारिवारिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये से कम होने पर इसका लाभ प्राप्त होता है। उन्हें वर्ष 2025- 26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कालरशिप पोर्टल- एनएसपी पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन- ओटीआर कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए पृथक से पुन ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी।

## विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में तिलवारा घाट के पास स्थित कोकिला रिसोर्ट में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर की प्रांतीय बैठक संघ के पूर्व अध्यक्ष पी एस यादव के मुख्य आतिथ्य एवं वर्तमान अध्यक्ष एस के जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पेंशनरों से संबंधी सभी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक विचार किया गया।

उक्त बैठक में नरसिंहपुर से गए प्रतिनिधि मंडल में बी एस पटेल, गणेश कुमार चतुर्वेदी ,हर प्रसाद कहार, चिरौंजीलाल कहार,नरेंद्र श्रीवास्तव,श्याम लाल ठाकुर, जी पी चौरसिया आदि ने भाग लिया। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष एसके जैसवाल ने कहा कि शीघ्र ही भोपाल में सभी विभागों के पेंशनर मिलकर किसी बड़े आंदोलन, प्रदर्शन ,रैली का आयोजन करने पर विचार किया जा रहा है। शासन /प्रशासन द्वारा पेंशनरों की अपेक्षा किया जाना अनुचित है।बैठक के बाद पूर्व क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र के सीएमडी के साथ शक्ति भवन में बैठक आयोजित की गई जिसमें




पेंशनरों से संबंधी स्थानीय समस्याओं पर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया गया।

इस वर्ष संगठन के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में ग्वालियर में भी एक भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे प्रांत के पेंशनर आमंत्रित होंगे।

## जिले में अब तक 112.2 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 26 जून तक की अवधि में औसत रूप से कुल 112.2 मिमी अर्थात 4.41 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 26 जून की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 6 मिमी, गाडरवारा में 2 मिमी, गोटेगांव में 5 मिमी और करेली में 2 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जून तक तहसील नरसिंहपुर में 117 मिमी, गाडरवारा में 76, गोटेगांव में 104 मिमी, करेली में 94 मिमी और तेंदूखेड़ा में 170 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 41.40 मिमी अर्थात 1.63 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 31 मिमी, गाडरवारा में 79 मिमी, गोटेगांव में 65 मिमी, करेली में 7 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 25 मिमी वर्षा हुई थी।

## भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत की कार्यशाला 29 को



**गोटेगांव, देशबन्धु।** देश के विकास के लिए संकल्पित संस्था भारत विकास परिषद की गोटेगांव शाखा की एक आवश्यक बैठक स्थानीय एस.आर.जी. कार्यालय गोटेगांव में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रांतीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव जो की महाकौशल प्रांत के संरक्षक हैं इंजीनियर सरदार सिंह पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 29 जून 2025 को आयोजित होने वाली प्रांतीय कार्यशाला की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विधिवत आवंटन किया गया। रीजनल मीडिया प्रभारी बी डी सोनी ने बताया कि कि यह पहला अवसर है कि पूरे महाकौशल प्रांत से अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं दायित्ववान पदाधिकारी गोटेगांव पधार रहे हैं। संरक्षक इंजीनियर सरदार सिंह जी पटेल के मार्गदर्शन में गोटेगांव इकाई की सभी पदाधिकारी एवं सहयोगी प्रांत से आने वाले पदाधिकारीयों का अतिथि परंपरा के अनुरूप सम्मान करने के लिए तत्पर हैं। इस एक दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला में केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन, देश में चल रहे अनेक जनसेवी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी साथ ही रीजन में चल रही जन सेवा की गतिविधियों, प्रांत में चल रहे समाजसेवी कार्यो की जानकारी दी जाएगी साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय किए जाएगी।

**बैठक में प्रमुख रूप से यह रहे उपस्थित** - रीजनल प्रेसिडेंट इंजी सुनील कोठारी, महाकौशल प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी, आशुतोष वर्मा, पंकज चौकसे, देवदत्त पचौरी, गोविंद पटेल, प्रसन्न जैन भानु, राकेश शर्मा, ओमकार सिंह पटेल, राजेश पटेल, अमित जैन बालाजी, सीताराम पटेल, आशीष पटेल, पं.कमलकांत शर्मा, मुरली माधवानी, सतीश पटेल, राजेंद्र पटेल बैठक में कार्यशाला को सफल बनाने हेतु सभी सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्वक सुझाव एवं सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## किस्त जमा करने के बाद भी नहीं दी जा रही गाड़ी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** फाइनेंस कंपनियों में कार्यरत का कुछ एजेंट और कर्मचारियों के कारण लोग परेशान रहते हैं ऐसा ही एक मामला है जिसमें की फाइनेंस बैंक में कार्यरत कर्मचारी ने दुपहिया वाहन की किस्त जमा ना करने की बात पर गाड़ी ले ली और बाद में किस्त भी ले ली किंतु गाड़ी को वापस नहीं कर रहा है और यह कहता रहा कि मोटरसाइकिल बैंक में जमा है इस संबंध में बीते दिवस करीब चार लोगों ने इस एजेंट कर्मचारी की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की ।

इस संबंध में जयपाल गौड़ निवासी ग्राम आलौद ने बताया कि टीवीएस स्टारपोर्ट जिसका रजिस्ट्रेशन कमांक एमपी 49जेडबी0156 है। सुमित गुप्ता जो कि आई डी एफ सी बैंक नरसिंहपुर में कलेक्शन एजेंसी के पद पर कार्य करता था, उसके द्वारा आवेदक से उक्त गाडी छुड़ा ली गयी और कहने लगा कि आप इस गाडी का पूरा पैसा दो नहीं तो आपकी गाडी कंपनी में जमा होगी।

6 माह पूर्व मेरी गाडी को अनावेदक के द्वारा ले जाने के बाद फिर कंपनी वाले आवेदक से उक्त वाहन का किशत मांगने के लिये पुन: उसके पास आये लेकिन आवेदक ने पूर्व में ही उक्त वाहन को सुमित गुप्ता के पास जमा कर चुका है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है अन्य लोगों ने भी इसके खिलाफ शिकायत की है। जिसमें कहा गया कि किस्त लेने के बाद भी वह गाड़ी वापस नहीं कर रहा और बैंक में भी गाड़ी जमा नहीं है। वहीं फाइनेंस बैंक एजेंट ने आरोपी से इंकार किया है।

## नजर हटी, जेब कटी! पेट्रोल पंप पर जीरो ही नहीं, डेंसिटी का भी रखें ख्याल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अगर आपको पास कार या बाइक हो, तो फिर पेट्रोल या डीजल खरीदने के लिए आपका आना-जाना पेट्रोल पंप पर लगा ही रहता होगा। गाड़ी में पेट्रोल-डीजल भरवाते समय पेट्रोल पंप का कर्मचारी आपको मशीन में शून्य देखने को कहता है। उसके कहने पर आप तुरंत शून्य देखने लगते हैं और पेट्रोल भरवा लेते हैं, साथ ही शून्य देखकर संतुष्ट भी हो जाते हैं. आपको लगता है कि आपने गाड़ी की टंकी में पूरे पैसा का पेट्रोल-डीजल भरवा लिया है। हालांकि, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है. दरअसल, खेल शून्य वाले मीटर में नहीं, बल्कि एक ऐसी जगह से खेला जाता है, जहां न तो आपकी नजर होती और न आपको उसका ख्याल होता है और आपकी जेब आराम से कट जाती है।



**ईंधन की शुद्धता से जुड़ा है खेल** - बता दें कि पेट्रोल पंप की मशीनों में अलग-अलग सेक्शंस में आपको कितने रुपये का पेट्रोल भरा गया और कितनी मात्रा में पेट्रोल भरा गया. इस तरह का डेटा दिखाया जाता है. ऐसे में आपकी नजर सिर्फ इस पर रहती है कि आपने कितने का पेट्रोल खरीदा और आप मशीन में मौजूद उसकी स्क्रीन को देख भी नहीं पाते हैं, जहां ईंधन की डेंसिटी होती है। दरअसल, यह खेल पैसों से ज्यादा ईंधन की शुद्धता से जुड़ा होता है। अगर आप पेट्रोल पंप के खेल पर गौर करें तो आपको पता चलेगा कि इस गोरखधंधे में गड़बड़ी वहां होती है, जहां पर ग्राहक की नजर तो छोड़िए, उसको इसका ख्याल तक नहीं आता. आपने अक्सर देखा होगा कि जब आप पेट्रोल पंप पर जाते हैं तो वहां मौजूद कर्मी आपसे कभी भी डेंसिटी देखने के लिए नहीं कहेगा, क्योंकि डेंसिटी से ईंधन की मिलावट का पता चलता है।

ऐसे में अगर आप जब भी पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने जाएं तो मीटर पर नजर रखने के साथ-साथ ईंधन की डेंसिटी पर भी नजर रखें. इससे आप अपनी जेब कटने से बचा सकते हैं. क्योंकि पेट्रोल-डीजल में मिलावट का पता इसी मीटर से लगाया जा सकता है।

### ईंधन की शुद्धता को बताता है घनत्व

घनत्व के जरिए जांच किया जा सकता है कि आपकी कार या बाइक में डाला जा रहा पेट्रोल या डीजल कितना शुद्ध है यानी इसमें किसी भी तरह की कोई मिलावट है या नहीं. ऐसे में अगर आप ईंधन की डेंसिटी का ख्याल रखेंगे तो न सिर्फ आपके पैसे बर्बाद होने से बचेंगे बल्कि आप मिलावटी ईंधन अपनी गाड़ी के इंजन को होने वाले नुकसान से भी बचा सकते हैं. डेंसिटी के आंकड़े को सरकार द्वारा तय किए जाते हैं।

### कितनी होना चाहिए घनत्व

बता दें कि पेट्रोल की डेंसिटी 730 से 775 किलोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तय की गई है. वहीं, डीजल की डेंसिटी 820 से 860 किलोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर होनी चाहिए. अगर आपको द्वारा खरीदे गए ईंधन की डेंसिटी इस रेंज में है तो इसका मतलब है कि ये हाई क्वालिटी का ईंधन है।

### ऐसे होता है ग्राहक के साथ धोखा

दरअसल, पेट्रोल पंप पर सरकार द्वारा तय किए स्टैंडर्ड से छेड़छाड़ करके फ्रॉड को अंजाम दिया जाता है। डेंसिटी घनत्व को प्रदर्शित करता है. किसी पदार्थ के गाढ़ेपन को आप उसकी डेंसिटी कह सकते है। अगर पेट्रोल या डीजल में थोड़ी सा भी डेंसिटी ऊपर नीचे होती है तो इसका मतलब होता है कि उसमें मिलावट की गई है।

## भाजपा मंडल ने मनाया संविधान हत्या दिवस

### आपातकाल की 50वीं बरसी पर कार्यक्रम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस भाजपा ने संविधान के काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलो में संविधान हत्या दिवस मनाया। जिला टोली से संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी हर्ष पाठक ने भाजपा मंडलो के आयोजित हुए कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कहा कि आपातकाल देश के लोकतंत्र के लिए काले धब्बे के समान था। कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान की भावनाओ का उल्लंघन कर लोकतंत्र को बंधक बना दिया था।

गाडरवारा भाजपा मंडल द्वारा आपात कालीन मीसाबंदी लोकतंत्र सेनानी ज्ञानचंद कोचर का उनके निवास पहुंचकर शाल श्री फल भेंट कर तिलक लगाकर सम्मान किया एवं तालाब परिसर में वृक्षारोपण करने के उपरांत भाजपा नेता मिनेंद्र डागा, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, मोहरकान्त गुर्जर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी आपातकाल के विरुद्ध आवाज उठाने वाले हजारों निरपराध लोगों को जेल में डाल दिया गया था।

लोकतंत्र सेनानियो ने संविधान की रक्षा के लिए लाठीयां खाई जेल में बंद रहे इसके बाद भी लड़ाई लड़ते रहे। ऐसे लोकतंत्र सेनानियो के जज्बे को हम प्रणाम करते हैं। इस मौके रीतेश राय, कपिल घारू, शुभम राजपूत, अंशुमान दुबे, राम मोलासरिया, अमित नेमा, कमलेश विश्वकर्मा, प्रवेश राय, लखन साहू, प्रमोद चन्ने,शिवेंद्र पूरी ,नितिन राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

प्रवेश प्रारंभ

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883